Fake Note Racket: अमरोहा में छप रहे थे नकली नोट, दिल्ली पुलिस के छापे से खुला राज



जागरण संवाददाता, अमरोहा। नकली नोटों के मामले में अमरोहा का नाम एक बार फिर सुर्खियों में है। दिल्ली में पकड़े गए अमरोहा के युवक की निशानदेही पर दिल्ली क्राइम ब्रांच ने रविवार को कई स्थानों पर छापा मारा। यहां से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकली नोट व नोट बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। दोपहर बाद टीम दोनों आरोपितों को साथ दिल्ली ले गई है।

बताया जा रहा है कि दोनों आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने 47 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। दरअसल शुक्रवार शाम को दिल्ली पुलिस ने अमरोहा के मुहल्ला सराय कोहना निवासी अदनान को दिल्ली में ही नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। उसके पास से 20 हजार रुपये के नकली नोट बरामद हुए थे।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/amroha-city-fake-note-racket-notes-printed-in-amroha-secret-revealed-by-delhi-police-raid-two-youths-arrested-40001204.html